



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 241 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 17 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया


## डेढ़ माह के अवकाश के बाद सोमवार से खुले स्कूल

### निजी विद्यालय संचालको ने गर्मी के चलते बढ़ाई छुट्टियां

**मंदसौर, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** एक मई से 15 जून तक अर्थात डेढ़ माह की छुट्टी के बाद सोमवार को फिर से स्कूल खुल गए। सरकारी स्कूल अपने समय पर खुलें। निजी विद्यालय भी सोमवार को खुले, लेकिन कुछ स्कूलों ने भीषण गर्मी के चलते अभिभावको को मैसेज भेजकर 23 जून से कक्षाएं शुरु करने की बात कही है।

निजी स्कूलों ने कक्षा 8वीं तक के बच्चों के लिए स्कूल खोलने की तारीख 23 जून तक बढ़ा दी है। इन स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकार ने स्कूल बंद करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। इसलिए सभी सरकारी स्कूल खुले रहेंगे। अधिकारियों के अनुसार निजी स्कूलों का खुलने की तारीख बदलने का फैसला उनका अपना है।

# मंदसौरियों को 23 डिग्री पर भा रहा एसी

## एसी की चाल ने बिगाड़ा बिजली की खपत का गणित, अब तापमान को सेट करने के लिए बनेंगे नियम, पिछले साल से 10 प्रतिशत बढ़ी विद्युत खपत

**मंदसौर, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में गर्मी ने बिजली की खपत का गणित बिगाड़ दिया है। चालिस डिग्री पार तापमान और उमस ने एसी को 23 डिग्री पर रखने की आदत डाल दी। परिणाम यह रहा कि मंदसौर जिले के इतिहास में पहली बार उपभोक्ताओं ने रिकॉर्ड 610 लाख यूनिट बिजली की खपत की। जबकि, पिछले सालों में गर्मी के सीजन में औसत आंकड़ा 500 से लेकर अधिकतम 550 लाख यूनिट खपत का रहता था। हालांकि अब इस आदत को छोड़ना पड़ेगा। सरकार अब एयर कंडीशनर के तापमान सेट करने के नियम बना रही है। एसी का तापमान 20 डिग्री से कम नहीं और 28 डिग्री से अधिक नहीं किया जा सकेगा। यानि आगामी समय में जो एसी लेंगे, उनकी सेटिंग 20 डिग्री से 28 डिग्री के बीच सेट कर दी जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से ये पहल की जा रही है।



### ऐसे समझें एसी का गणित...

एसी की क्षमता ब्रिटिश थर्मल यूनिट में मापी जाती है। 1.5 टन का एसी 18000 बीटीयू का होता है। जब बाहर का तापमान ज्यादा और एसी की गति कम होती है तो कूलिंग में ज्यादा भार पड़ता है। बाहर का तापमान 38 डिग्री पर हो तो एसी बेहतर काम करता है।

-18 डिग्री पर 1.5 टन का एसी सामान्य से 24 फीसदी ज्यादा बिजली खर्च करता है। प्रति डिग्री कम करने पर तीन से छह फीसदी भार बढ़ता है। रोजाना आठ घंटे चले तो माह में 446 यूनिट बिजली खर्च करता है। ऐसे में 3571 रुपए का बिजली बिल बनता है।

-27 डिग्री पर 1.5 टन का एसी आठ घंटे में आठ यूनिट बिजली खर्च करता है। माह में ये 240 यूनिट बनती है। आठ रुपए प्रति यूनिट से बिल 1920 रुपए बनेगा। यानि 2100 रुपए अधिक की बचत होगी।

### मंदसौर में यह एसी का गणित...

- मंदसौर में 60 फीसदी यूजर्स एसी को 23 या इससे कम पर करके रखते हैं।

- 18 से बढ़ाकर महज 20 डिग्री पर कर दिया जाए तो बिजली की खपत 12 फीसदी तक घट जाएगी।

- एसी का एक डिग्री तापमान छह फीसदी बिजली खर्च बढ़ाता है।

- एसी बाहर की अपेक्षा अंदर के तापमान को 10 से 20 फीसदी ही घटा सकता है।

### 20 से 28 के बीच एसी तो ये लाभ...

- हर डिग्री सेल्सियस पर छह फीसदी बिजली बचत।

- पॉवर ग्रिड पर दबाव घटेगा।

- बहुत ठंडा तापमान सेहत के लिए ठीक नहीं है, 20 से 28 के बीच तापमान सेहत भी ठीक रखता है।

- एसी की लाइफ बढ़ती है, बार-बार मेंटेनेंस नहीं करना पड़ता है।

### दस फीसदी हुआ बिजली खपत में इजाफा...

बिजली खपत में इस बार पिछले साल की तुलना में 10 फीसदी तक इजाफा हुआ है।

जून का पहला पखवाड़ा बीत चुका है, इस दौरान जिले का तापमान औसत 35 से 41 डिग्री के बीच ही रहा। गर्मी-उमस के बीच बदली दिनचर्या में एयर कंडीशनर के अलावा कूलर, पंखे, फ्रीज, वाशिंग मशीन, पंखे, टीवी-लाइट, इनवर्टर के चार्जिंग का अधिक इस्तेमाल हुआ। फरवरी 2025 तक की स्थिति में जिले में बिजली खपत 400 लाख यूनिट तक रही। इस मान से अगले 3 माह ग्रीष्मकाल में 200 लाख यूनिट और बढ़कर आंकड़ा 610 लाख यूनिट तक जा पहुंचा। जो अब तक का सर्वाधिक है।

### एक्सपर्ट का कहना...

एक्सपर्ट्स कहते हैं यदि 27 डिग्री सेल्सियस पर तापमान सेट किया जाए तो सालभर में 3000 यूनिट बिजली की बचत की जा सकती है। राशि में ये करीब 24 हजार रुपए की बचत होगी। इससे बिजली की बड़ी बचत के साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण को राहत की बातें भी कही जा रही है।

### यहां है एसी के लिए मानक...

जापान, इटली, स्पेन, साउथ कोरिया में एसी के तापमान के सख्त नियम है। जापान में डिफॉल्ट सेटिंग 26 डिग्री है, जबकि इटली में ये 23, स्पेन में 27 डिग्री है।

# बिजली गिरने से 20 बकरियों की मौत

## दिनभर छाए रहे बादल, गर्मी से मामूली राहत

**मंदसौर, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में गर्मी और उमस का असर बरकरार है। हालांकि सोमवार को दोपहर बाद कुछ राहत जरूर मिली। इसका कारण था कि दोपहर से आसमान पर बादल छाए रहे, जो बारिश का संकेत दे रहे थे। हालांकि मंदसौर शहर में कुछेक स्थानो पर हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, पर देर शाम तक बारिश नहीं हुई। लेकिन, अंचल के ढाबला गुर्जर के समीप बिजली गिरने से करीब 20 बकरियो के मरने की खबर है। इधर चंदवासा क्षेत्र में भी बिजली गिरने से 2 भैसो की मौत की जानकारी मिली है।

सोमवार को जिले के बूढ़ा, शामगढ़, खजूरी आंजना सहित कई जगहों पर बारिश का दौर चला। शामगढ़ के पास ढाबला गुर्जर में बिजली गिरने से करीब 20 बकरियों मौत की भी खबर है। मानसून की बात करें तो मानसून की एंट्री से पहले मध्यप्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। इस बार देश में मानसून अपने समय से 08 दिन पहले ही आ गया था। वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्यप्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। हालांकि, अब मानसून आगे बढ़ने लगा है। इसलिए अब यह प्रदेश में 16-17 जून तक पहुंच सकता है। बता दें कि एमपी में मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ था।

# गरोठ- उज्जैन फोरलेन पर फिर सड़क हादसा

## खड़े ट्रक में जा घुसी कार, बैंक कर्मी की मौत

**सुवासरा, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ-उज्जैन फोरलेन मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक मारुति कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। उसका सुवासरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार मृतक विनोद लोहार कुंडला खुर्द का रहने वाला था। घटना के समय वो अपनी पत्नी को मायके छोड़कर साथी नेपालसिंह के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान सालरिया गांव के पास ढाबे के सामने खड़े ट्रक में उनकी कार पीछे से जा घुसी। विनोद एक प्राइवेट बैंक में नौकरी करते थे। मृतक का शव सुवासरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

### स्कार्पियों पलटी, जनहानि नहीं...

इधर मेलखेड़ा से गरोठ मार्ग पर एक स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि घटना में कोई जनहानी नहीं हई। बताया जाता है कि यहां रोड निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

## रतलाम में 152 पुलिस वाले इधर से उधर हुए

**रतलाम, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार ने रविवार देर रात जिले के पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव किया है। औद्योगिक थाना प्रभारी के बदलने के साथ 152 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया गया है। इनमें सब इंस्पेक्टर, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल शामिल है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम को साइबर सेल का प्रभारी बनाया है। अब टीआई गायत्री सोनी को औद्योगिक थाने की जिम्मेदारी दी गई है। सूची में कई ऐसे पुलिसकर्मी शामिल हैं जो लंबे समय से एक ही थाने पर तैनात थे। अब उन्हें दूसरे थानों और कुछ को शहर से बाहर भेजा गया है। श्री कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए बदलाव किया है।

### मंदसौर में भी बड़े बदलाव की संभावना...

पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद पड़ोसी रतलाम एव नीमच जिले में बड़ी संख्या में पुलिस वालो को इधर से उधर किया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मंदसौर में भी जल्द ही बड़ा बदलाव हो सकता है।



राशन की दुकान पर अव्यवस्था- मंदसौर शहर के नाहर सैयद रोड स्थित राशन की दुकान पर लग रही भीड़, घंटों भीषण गर्मी में खड़े रहने को मजबूर आमजन। लेकिन, गर्मी से बचाव का नहीं है कोई बंदोबस्त। पेयजल भी उपलब्ध नहीं है। जिससे गरीब उपभोक्ता काफी परेशान हो रहे है।

## ट्रक की टक्कर से जीजा की मौत, साला गंभीर

**नीमच, 16 जून गुरु एक्सप्रेस। रविवार देर रात एक ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साला को कुचल दिया। दोनों बाइक से सांवरिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने जीजा को मृत घोषित कर दिया। जबकि, साले का उपचार जारी है। यह घटना सिटी थाना क्षेत्र के मालखेड़ा स्थित ग्रीन होटल के पास की है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया है।**

दरअसल, अनिल मईड़ा निवासी पालसोड़ा अपने साले मुकेश के साथ बाइक पर सवार होकर सांवरिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था। जब दोनों मालखेड़ा स्थित ग्रीन होटल के पास पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। हादसे में जीजा अनिल ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया। साला मुकेश भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। घायल मुकेश का इलाज जारी है। सोमवार को पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।


## उठावना



अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है स्व.श्री सुभाषचन्द्र जी, स्व. श्री गोपालकृष्ण जी , स्व. श्री निर्मलकुमार जी व सत्यनारायण (नीमच ) एवं किशोर (गोविन्द ) मण्डोवरा (जलगांव ) का सुपौत्र एवं संजय मण्डोवरा का सुपुत्र एवं राजेंद्र(नीमच) संदीप, उत्कर्ष (पिंटू), आशीष, हर्षल, सोमेश एवं अंकित(टिंकू) का भतिजा तथा ऋषभ, चैतन्य (बाबू), माधव, चैतन्य (जलगांव ) व दक्षित का भाई

**अंशुल ( बबन) मण्डोवरा**

उम्र्ध का स्वर्गवास दिनांक 15 जून 2025 रविवार को हो गया है। उठावना आज दिनांक 17जून 2025 मंगलवार को दोपहर 02 बजे रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन, नयापुरा रोड़ मंदसौर पर रखा गया है।

**संयुक्त उठावना**

मामा परिवार श्री खटोड़ परिवार इंदौर का उठावना भी इसी के साथ संयुक्त रखा गया है।

********* शोकाकुल *********

मण्डोवरा परिवार, D K Y मन्दसौर, मो-9425369223

खटोड़ परिवार, इंदौर


# विधायक को पता नहीं, लेटर पेड का हो गया दुरुपयोग?

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष वाले लेटर पेड से किसी ने कर दी युकां प्रत्याशी की शिकायत, मैच से पहले ही गिरे विकेट, ऐज फैक्टर ने बिगाड़ा गणित, चार उम्मीदवार मैदान में, राघव और दुर्गेश के बीच हो सकता है मुख्य मुकाबला

**मंदसौर, 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** युवक कांग्रेस चुनाव में जमकर घमासान जारी है। बड़े और छोटे नेताओं की पैनल ने इस चुनाव को सम्मान का विषय बना दिया है। हालांकि चुनाव से पहले शिकायती मुकाबले में छोटे नेताओ की पैनल ने जीत हासिल कर ली। शिकायत के बाद मैच शुरु होने से पहले ही दो प्रत्याशी उम्र संबंधित कारणों से बड़ो की पैनल के बाहर हो गए। इधर एक शिकायत छोटी पैनल के प्रत्याशी की भी हुई। जिसमें कहा गया कि वह छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शिकायत विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपीन जैन के लेटर पेड पर लिखीत में हुई।

सूत्र बताते हैं कि इस बात को लेकर छोटी पैनल के नेता भोपाल पहुंचे।। यहां जानकारी मिलने पर विधायक से इस संबंध में मोबाईल पर चर्चा की। जिसमें विधायक ने अनभिज्ञता जाहिर की। मतलब कहीं न कहीं विधायक के जिलाध्यक्ष वाले लेटर का दुरुपयोग किया गया। खैर जो भी हो पहले भी स्वास्थ्य विभाग में इस तरह का लेटर पेड के दुरुपयोग का मामला सामने आ चुका है। अब मैदान में कुलदीप सिंह सिसौदिया, अर्जुन गुर्जर, दुर्गेश पंवार और राघव सिंह शक्तावत मैदान में है। जिसमें मुख्य मुकाबला दुर्गेश पंवार और रघुराजसिंह शक्तावत के बीच माना जा रहा है।

### शिकायती तीर से बाहर हो गए दो खिलाड़ी...

लोकसभा, विधानसभा जैसे अन्य सभी चुनावों में चुनाव आयोग को शिकायतों का दौर चलता है। युवक कांग्रेस चुनाव में भी ऐसा ही हुआ। पहले छोटी पैनल के नेताओं ने बड़े नेताओं के पैनल वाले उम्मीद्वार सुनील बसेर की उम्र संबंधित शिकायत की। जिसमें गाइड लाईन के अनुसार अध्यक्ष के दावेदार की उम्र पैतीस वर्ष होना चाहिए। शिकायत ऊपर तक पहुंची तो सुनील बसेर के साथ राहुल जैन का फार्म भी इसी चक्कर में रिजेक्ट हो गया। राहुल जैन कांग्रेस सुवासरा विस प्रत्याशी रहे राकेश पाटीदार के खिलाड़ी थे। इधर बड़ी पैनल के नेताओं ने छोटी पैनल के अध्यक्ष दावेदार रघुराजसिंह शक्तावत की शिकायत की। जिसमें बताया गया कि वह छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित है। हालांकि यह शिकायत सही नहीं पाई गई।

### बड़ी पैनल की शिकायत जिलाध्यक्ष के लेटर पेड से...

सबसे पहले बात करें बड़ी पैनल के नेताओं की शिकायत की। तो इसमें छोटी पैनल वालों ने मंदसौर-भोपाल एक कर दिया। छोटी पैनल के नेताओं को जानकारी मिली कि उम्मीद्वार राघव शक्तावत की शिकायत हुई है। जिसमें उन्हें छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित बताया गया है। इस पर छोटे नेताओं वाली पैनल के खिलाड़ी भोपाल पहुंचे। यहां पता चला कि जिलाध्यक्ष के लेटर पेड से शिकायत हुई है। मतलब विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपीन जैन ने शिकायत की है। सूत्रों के अनुसार नेताओं ने विपीन जैन से बात की। जिसके बाद विपीन जैन ने इस तरह की शिकायत से साफ मना कर दिया।

### उम्र में नहीं चला गणित ज्ञान...

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के लिए गाइड लाईन के अनुसार पैतीस वर्ष न्यूनतम आयु है। सुनील बसेर और राहुल जैन दोनों ने ही अपने आपको उम्र के हिसाब से जिलाध्यक्ष के उम्मीद्वार के लिए फीट बताया। सुनील बसेर ने अंकसूची भी पेश की। जिसमें आयु पैतीस वर्ष से कम थी। सूत्रों के अनुसार छोटे नेताओं की पैनल ने इस बात को पहले ही नोटिस कर लिया था। इसके बाद जैसे-तैसे जुगाड़ और पसीना बहाकर सुनील बसेर की समग्र आइडी और पेन कार्ड का जुगाड़ किया गया। इसके बाद पार्टी के चुनाव आयोग को शिकायत की गई। हालांकि सूत्र बताते हैं कि यहां भी बड़े नेताओं की पैनल भारी नजर आई। लेकिन, छोटे नेताओं ने और ऊपर तक जुगाड़ लगाया और शिकायत को तगड़ा उठाया। इसके बाद सुनील बसेर के साथ सुवासरा विस चुनाव प्रत्याशी राकेश पाटीदार द्वारा खड़े किए गए उम्मीद्वार राहुल जैन का भी फार्म रिजेक्ट हो गया।

### युकां चुनाव का यह है गणित...

युवक कांग्रेस चुनाव में बड़े नेता बनाम छोटे नेता का मैच देखने को मिल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय बड़े नेताओं ने अपनी एक पैनल तैयार कर मैदान में उतारी है। वहीं जिला पंचायत से जुड़े कुछ नेताओं के साथ मिलकर अन्य छोटे नेताओं ने भी इस बार अपनी पैनल को आगे कर दिया है। जिसमें बड़े नेताओं की पैनल की तरफ से जिलाध्यक्ष के लिए सुनील बसेर का नाम शामिल था। वहीं विस अध्यक्ष के लिए राकेश पाटीदार मावा वाला, ब्लॉक अध्यक्ष के लिए नवीन शर्मा का नाम पैनल में थे। इधर छोटे नेताओं की पैनल की बात करें तो जिलाध्यक्ष के लिए राघव शक्तावत को मैदान में उतारा गया है। तो विस अध्यक्ष के लिए कोई उम्मीद्वार मैदान में इस पैनल ने नहीं उतारा है। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए सम्यक चौधरी को सामने किया गया है।

## जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध रहेगा

**नीमच 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.राज्या में नदीय मत्यात्य उद्योग नियम 1972 की धारा (3)(2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (मत्स्य प्रजनन काल) घोषित किया गया है। इस अवधि में जिले में मत्स्या्खेट, मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं मत्स्य परिवहन करना निषेध है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग के निर्देशानुसार छोटे तालाब अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्त नियमों के उल्लंघन पर म.प्र.मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या 5000 /- रूपये अक्षरी पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान नहीं, बल्कि जनचेतना और सांस्कृतिक जागरण का आंदोलन-सुश्री नटराजन

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 47वें दिन पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई । सोमवार को श्रमदानियों ने शिवना से 21 ट्राली जलकुंभी बाहर निकाली। शिवना शुद्धिकरण अभियान के इस अवसर पर पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि यह केवल एक नदी की सफाई का अभियान नहीं, बल्कि जनचेतना और सांस्कृतिक जागरण का आंदोलन है श्र उन्होंने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जीवन रेखा है। यह केवल जल स्त्रोत नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और सभ्यता की प्रतीक है।



विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि हम सब एक ऐसे अभियान का हिस्सा बन रहे हैं, जो केवल एक नदी की सफाई का प्रयास नहीं, बल्कि हमारी आस्था, हमारी संस्कृति और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक पवित्र संकल्प है। शिवना नदी मंदसौर की आत्मा है। अब वक्त आ गया है कि हम सब मिलकर इसे फिर से स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी बनाएं। सोमवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन, विधायक विपिन जैन, समाजसेवी रामचन्द्र मालवीय पूर्व टीआई, विजय आनंद, हेमराज खाबिया, हेमंत मेहता, अनिल जैन, घनश्याम भावसार, रमेश सोनी , नमन पालीवाल , गांव अमलावद से कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, साबाखेड़ा से विनोद पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार, डॉ. ईश्वरलाल पाटीदार, अरनिया निजामुद्दीन से अशरफ भाई, खेड़ा खदान से कन्हैयालाल गुर्जर, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्ट्रा भाचावत, अनिता भदोरिया, प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, गीताली पोरवाल, योगिता बैरागी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री अजय लोढ़ा, तरूण खिंची, विकास दशोरा, राघवेन्द्रसिंह तोमर, राजनारायण लाड़, विजेश मालेचा रमेश सिंगार,आसीफ छीपा,साबिर इलेक्ट्रीशियन, विश्वास दुबे ,बंशी गुर्जर, विनोद पटेल, भूवनेश्वर माली,अजय सोनी,विश्वनाथ सोनी, मनोहर नाहटा , ऋषिराज लाड़, कैलाश कुमावत,सादिक गौरी, शिवशंकर सौलंकी,राकेश सेन,आमिन खान, सुभाष जैन, राजेश चौधरी, महेश गुप्ता, नितनेस बसेर, गोपाल बंजारा, राजा भाई,मनोहर रत्नावत, सोहनलाल धाकड़, अशोक राव,अकरम खान, चन्द्रशेखर अहिरवार , मोहनपुरी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सुवासरा 16 जून गुरु एक्सप्रेस । अजाक्स तहसील इकाई सुवासरा एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संत कबीर साहेब जयंती के उपलक्ष्य में सुवासरा में करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर साहेब एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुवासरा तहसीलदार श्री मोहित सिनम रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कर्मचारी नहीं, अधिकारी बनें का मंत्र देते हुए प्रशासनिक सेवाओं में अवसरों की जानकारी दी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अजाक्स जिला अध्यक्ष श्री प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी ने छात्रों को राज्य एवं केंद्र सरकार की शैक्षणिक और आर्थिक योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्रो. डॉ राजेश सकवार ने तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपयोगी कोर्सेस, रोजगार के अवसर एवं छात्रवृत्तियों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री अरविंद पुष्पाध्य (सहायक स्टेशन मास्टर), ब्लॉक अध्यक्ष श्री जगदीश सोलंकी, श्री फकीरचंद चौहान, श्री राकेश डांगी, श्री बापूलाल परिहार, श्री राधेश्याम देवड़ा एवं श्री दिलीप मेहर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में सुवासरा तहसील के अजा/अजजा वर्ग के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 123 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राधेश्याम कछावा द्वारा किया गया, कार्यक्रम के पश्चात समता भोज का आयोजन किया गया एवं आभार प्रदर्शन अजाक्स तहसील अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार सोलंकी ने किया।

इस आयोजन में अजाक्स तहसील इकाई सुवासरा की सक्रिय टीम राधेश्याम मेहर (साहेब), कमलेश परमार, सुखदेवसिंह सिसोदिया (पटवारी), कालूराम चौहान (जनशिक्षक), इंदरलाल सूर्यवंशी, राजेश मेहर, रणजीतसिंह बोरना, भगवानलाल कसरोटिया, रामनारायण परिहार, विनोद सूर्यवंशी, कालूराम सूर्यवंशी (सचिव), मुकेश मेहरा, ईश्वरलाल मेहर, गणपतलाल मेहर, राजू सूर्यवंशी एवं भुवनेश्वर बोरना (जिला अध्यक्ष अजा/अजजा छात्र इकाई) सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### गरोठ विधायक सिसौदिया के आश्वासन पर...

## म.प्र. शिक्षक संघ ने आमरण अनशन स्थगित किया

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर जिला सचिव भरतलाल पोपंडिया के नियम विरुद्ध स्थानांतरण के विरोध में प्रस्तावित 16 जून से आमरण अनशन को गरोठ विधायक श्री चंदरसिंह सिसौदिया द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा एवं जिला सचिव भरतलाल पोपंडिया ने बताया कि मध्यप्रदेश दिनांक 7 जून 2025 को नियम विरुद्ध मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर के सचिव श्री भरतलाल पोपंडीया का स्थानांतरण मंदसौर जिले से नीमच जिले के में किया गया है। जिसको निरस्त करवाने हेतु गरोठ विधानसभा के विधायक श्री चंदरसिंह सिसोदिया द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर और स्थानांतरण हेतु प्रचलित कार्यवाही से इस समय संतुष्ट होकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा दिनांक 16 जून 2025 को प्रस्तावित आमरण अनशन स्थगित किया गया है।



## आर्ट ऑफ लिविंग ने मेगा हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया

### 60 से अधिक बालिकाओं ने लिया भाग

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान द्वारा मंदसौर में मेगा हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स में छोटी सी आशा सेवा संस्थान, मंदसौर जो की निशुल्क कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस की शिक्षा प्रदान करती आ रही है, वहां की 60 से भी अधिक बालिकाओं ने इस हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया।

इस महत्त कार्यक्रम में सुदर्शन क्रिया कराई गई जिसके माध्यम से प्रतिभागियों के जीवन में एकाग्रता बढ़ेगी, नकारात्मकता कम होगी, मन पर प्रभावी नियंत्रण और व्यक्तित्व विकास होकर आंतरिक सृजन और कौशल की अभिवृद्धि होती है।

यह कोर्स मंदसौर के आर्ट आफ लिविंग के टीचर कमलेश कोठारी के कुशल निर्देशन में रामटेकरी पर स्थित अपने सीता हॉल सेंटर पर आयोजित हुआ। इस कोर्स में टीचर गिरीश भैया, अश्विन भैया, विनीता सोनी, सोनाली, यतीन्द्र भैया, रितु कोठारी, आदित्य एवं आर्ट ऑफ लिविंग के वॉलिंटियर्स ने उल्लेखनीय सेवा प्रदान की। यह जानकारी मीडिया कोऑर्डिनेटर अंकित सोनी ने दी।

# सर्वश्रेष्ठ मानव जीवन की अनुभूति के लिए सद्गुण सम्पन्न बनना जरूरी

### आध्यात्मिक संवाद में वक्ताओ के विचार

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि मानव जीवन सर्वश्रेष्ठ माना गया है किन्तु इसके बावजूद नित्य प्रति की आपराधिक, अमानवीय व क्रूरतापूर्ण घटनाएँ हो रही है। सर्व श्रेष्ठ होने के लिए मनुष्य का सद्गुण सम्पन्न हना आवश्यक है।

परिश्रम, ईमानदारी, सादगी, सेवा व आस्तिकता को अपनाने से मानव की श्रेष्ठता की अनुभूति हो सकती है। परिश्रमी व्यक्ति स्वस्थ, सम्पन्न और सर्वप्रिय होता है। ईमानदारी व सादगी परस्पर जुडे हुए है। सेवा मानवता का गुण है। आस्तिक व्यक्ति किसी भी संकट मे सहज बना रहता है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि व्यक्ति द्वारा किये गये सत्कर्म उसके बारे मे धारणा बनाते है। वह सबकी सराहना अर्जित करता है। जिसका आचरण दुषित होता है उसके प्रति किसी की सहानुभति नही रहती है। व्यक्ति के कर्म जीवन काल मे व मृत्यु उपरांत भी उसकी छबि को प्रभावित करते है। श्री राजकुमार जसवंत व पं.प्रकाश दीक्षित ने विचार व्यक्त किये। श्री सुरेश पण्ड्या, श्री अभय जैन, श्री शांतिलालसोनी श्री चन्द्रशेखर राजा सोनी ने गीत भजन प्रस्तुत किये। श्री ओमप्रकाश जायसवाल श्री भेरूलाल पटेल, श्री शंकरलाल त्रिवेदी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री हरीश दवे, श्री मांगीलाल पोरवाल, श्री विश्वनाथ सोनी, श्री सुनील फरक्या ने आयोजन मे सहभागिता की। श्री सत्यनारायण भूरिया ने गतिविधियो की जानकारी दी। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन श्री सत्यसांई मंदिर के प्रबंधक निरंजन भारद्वाज ने किया।



## अंशुल मंडोवरा के नेत्रों से मिलेगी दो दृष्टिहीनों को ज्योति

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री संजय मंडोवरा के सुपुत्र अंशुल मंडोवरा के असामयिक निधन के उपरांत मंडोवरा परिवार ने लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से मानवता की सेवा करते हुए नेत्रदान किया। यह इस सत्र में क्लब द्वारा संपन्न 22वाँ नेत्रदान रहा, जिसमें दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को ज्योति प्राप्त होगी। नेत्र उत्सर्जन डॉ. किशोर शर्मा द्वारा किया गया।

## म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ ने पौधरोपण किया

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ शाखा मंदसौर के द्वारा म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश संगठन के आव्हान पर कन्या छात्रावास के सामने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने एक पौधा लगाने व उसे बड़ा करने का संकल्प लिया।

म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चम्पालाल चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। इसी उद्देश्य के तहत पूरे प्रदेश के 55 जिलों के तहसील, ब्लॉक व जिला स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र शर्मा के नाम एक पौधा समर्पित कर पौधारोपण किया गया है। इस अवसर पर म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चम्पालाल चौहान, तहसील अध्यक्ष सुजानमल जैन, तहसील उपाध्यक्ष रामेश्वरसिंह सौलंकी, जिला सचिव श्री राधेश्याम देवड़ा, सीमा साल्वी, कल्पना गोड़, मंजू देवड़ा, मंजू चंदेल, तृप्ती चौहान, प्रहलाद राठौर आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नमो ग्रुप फाउंडेशन की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** नमो ग्रुप फाउंडेशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रोशन वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील वैद्य एवं प्रदेश मंत्री कमल देवड़ा क आदेशानुसार नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।



नवीन कार्यकारिणी में प्रदेश महामंत्री रविन्द्र सिंह जादौन, जिलाध्यक्ष जयेंद्र सिंह राजपूत, महिला जिलाध्यक्ष उषा कुमावत, आई.टी. सेलप्रभारी अनिल नारायना, जिला प्रभारी संगीता पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष आरती दवे, जिला मंत्री प्रमोद जैन, जिला मीडिया प्रभारी आनन्द कुमार कर्ण, जिला मंत्री जगदीश राठौर, जिला मंत्री अनिल कसेरा, जिला उपाध्यक्ष शुभम सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष सुभाष पंवार, जिला मंत्री किशोर, जिला महामंत्री गंगाराम प्रजापत, जिला मंत्री दीपक बागड़िया, जिला आई.टी. सेल प्रभारी सुभाष मोड़ जिला आई.टी. सेल सहप्रभारी पीयूष शर्मा, जिला मंत्री किशोर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुनील माली, जिला उपाध्यक्ष आरती जैन, जिला मंत्री टिना, जिला मंत्री लक्ष्मी, जिला मंत्री भारती प्रजापत, जिला मंत्री चिनु चौहान को नियुक्त किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। यह जानकारी नमो ग्रुप फाउण्डेशन के जिला मीडिया प्रभारी आनन्द कुमार कर्ण ने दी है।

## जिले के सभी पुशपालकों के के.सी.सी. के प्रकरण तैयार कर के.सी.सी. जारी करवाएं-श्री चंद्रा

### कलेक्ट र ने की पशुपालन, मत्स्य , उद्यानिकी, डेयरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




**नीमच 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** पशुपालन विभाग जिले के 40 हजार शेष पशुपालकों के आगामी चार माह में के.सी.सी. के प्रकरण तैयार कर उन्हें के.सी.सी. जारी करवाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक ए.व्ही).एफ.ओ. को एक -एक हजार पशुपालकों के के.सी.सी. जारी करवाने का लक्ष्य निर्धारित कर, उसकी पूर्ति की दैनिक समीक्षा कर, साप्ताकहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तु.त करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को पशुपालन, मत्स्य , उद्यानिकी एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में उप संचालक पशुपालन नीमच को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्ण व, उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार, उप संचालक उद्यानिकी श्री अतरसिह कन्नौशजी, सहायक संचालक मत्स्य श्री देवशाह इनवाती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन विभाग एवं दुग्ध संघ के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे नस्ल सुधार के लिए इस वर्ष 30 हजार पशुओं में मादा बच्छियां के जन्म् को बढ़ावा के लिए चयनित वीर्य(सार्टेड सीमन) का उपयोग किया जाए। साथ ही पशुओं में कृत्रिम गर्धाधान का कार्य का लक्ष्यव भी हांसिल करें। इसके लिए सभी एव्हीपएफओ को लक्ष्य प्रदान कर पूर्ति करवाएं। बैठक में कलेक्टवर ने भीमराव अम्बेड्डकर कामधेनु योजना एवं आचार्य विद्यासागर योजना के तहत क्रमश: 30 एवं 60 प्रकरणों का लक्ष्य तय कर अक्टूबर माह तक स्वीशकृति एवं ऋण वितरण करवाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए। उन्हो ने दुग्धत संघ के अधिकारियों को मिल्क रूट वाले पशुपालकों को इन योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने उद्यानिकी उपसंचालक कलस्टिर विकास की कार्य योजना तैयार कर आगामी टी.एल. बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होानें कहा, कि पीएमएफएमई योजना के उद्यमियों को कृषि अधो संरचना फण्डश (AIF) ए.आई.एफ. फण्ड, से जोड़े, जिससे कि नवीन उद्यमियों को ब्यागज में तीन प्रतिशत की छूट का लाभ मिल सकें।

कलेक्ट र ने नीमच में स्पाुईस लेब, एवं फाईटो सेनेटरी लैब स्थाकपित करने के लिए इन लेब के बारे में विस्तृकत जानकारी हांसिल कर, प्रांक्लन, प्रस्त्व तैयार कर प्रस्तुएत करने के निर्देश दिए। कलेक्टेर ने इसके लिए संबंधित अधिकारी को अन्यई राज्यों में स्थित लेब का अवलोकन करने और विशेषज्ञो से चर्चा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टयर ने शेट नेट, पालीहाउ्स उद्यानिकी फसलों के कलस्टजर विकास का प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। मत्य विभाग की समीक्षा में कलेक्ट्र ने मत्स्य पालन के लिए 300 कैच एरिया के प्रकरण तैयार कर स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में अधिकतम बायो फ्लाक लगवाने एवं फिश पार्लर का कार्य भी तेजी से करवाने के निर्देश दिए।

# सर्प-दंश से बचाव के लिए जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

### अस्पतालों में एंटी-वेनम व उपचार की समुचित व्यवस्था और हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग ने वर्षाकाल के दृष्टिगत सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों के कलेक्टर को आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। सर्प-दंश स्थानीय आपदा घोषित है, इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए हर ज़िले के लिए 23.17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि का उपयोग प्रशिक्षण, जन-जागरूकता, मॉक ड्रिल, उपकरण की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों में किया जाएगा।

### वर्षाकाल में सर्पदंश की संवेदनशीलता

वर्षा ऋतु में सांपों के प्राकृतिक आवासों में जलभराव हो जाने से वे मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं, जिससे सर्प-दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, खेतों, नदी किनारे एवं बस्तियों की परिधियों में यह खतरा अधिक होता है। उक्त के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, तथा प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाना अति आवश्यक है। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित करें। स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता सत्र आयोजित हों। सोशल मीडिया, रेडियो, दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर एवं लोक-प्रदर्शन (नुक्कड़ नाटक आदि) के माध्यम से सूचना का व्यापक प्रसार किया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि सर्पदंश के प्रति संवेदनशील इलाकों में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सर्प मित्र , सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं स्नेक-कैचर्स की टीम बनाई जाए।

### स्नेक-कैचर्स का डाटाबेस करें तैयार, हेल्पलाइन नंबर करें जारी

शासन द्वारा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी जिलों में स्नेक-कैचर्स और सर्प मित्रों का विस्तृत डाटाबेस तैयार कर, उन्हें पंचायत/वार्ड स्तर पर नियुक्त किया जाए। सर्प मित्रों के हेल्पलाइन नंबर जारी कर व्यापक प्रचार भी किया जाए। इन मित्रों को स्नेक रेस्क्यू किट, फर्स्ट एड किट एवं आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे वे सर्पदंश की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित बचाव कार्य कर सकें।

### अस्पतालों में एंटी-वेनम व उपचार की समुचित व्यवस्था के निर्देश

शासकीय चिकित्सा संस्थानों में सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयाँ, उपकरण और पर्याप्त मात्रा में एंटी-वेनम स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पतालों में नागरिकों को प्राथमिक उपचार, चेतावनी संकेत, तथा सर्पदंश से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देने वाले सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है।

### आपदा प्रबंधन योजना में सर्प-दंश को शामिल कर बनायें योजना

जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे जिला आपदा प्रबंधन योजना में सर्प-दंश को स्थानीय आपदा के रूप में शामिल करें। इसके तहत पूर्व वर्षों की घटनाओं का जोखिम मूल्यांकन, प्रभाव क्षेत्र और प्रभावित वर्गों की पहचान कर एसओपी तैयार किया जाए। जीआईएस आधारित मैपिंग करते हुए डिजिटल डाटाबेस बनाया जाए, जिसमें घटनाओं की संख्या, स्थान, सांप की प्रजाति, एवं मृत्यु/रोगी की जानकारी सहेजी जाए।

### सर्पदंश से बचाव के लिए सावधानियाँ एवं सलाह

जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोज़े पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है। सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 29 | 2072 | 2156 |
| उडद | 10 | 3540 | 4950 |
| सोयाबीन | 4607 | 3800 | 4350 |
| गैहु | 8438 | 2350 | 2711 |
| चना | 103 | 4900 | 5392 |
| मसुर | 211 | 5900 | 6370 |
| धनिया | 296 | 5501 | 6712 |
| लहसुन | 15000 | 3000 | 9000 |
| मैथी | 995 | 3200 | 5330 |
| मुंगफली | 1320 | 4401 | 5501 |
| अलसी | 1877 | 6700 | 7350 |
| सरसो | 456 | 5900 | 6370 |
| तारामीरा | 02 | 5000 | 5100 |
| इसबगोल | 165 | 8010 | 11100 |
| प्याज | 3001 | 300 | 1121 |
| कलोंजी | 03 | 19300 | 20011 |
| तुलसी बीज | 03 | 14190 | 14190 |
| डॉलर | 85 | 6221 | 8002 |
| तिल्ली | 280 | 6500 | 8211 |
| जौ | - | - | - |
| मटरसुखी | 2 | 2021 | 3301 |
| असालीया | 65 | 5100 | 6140 |
| मूंग | - | - | - |

## स्कूल शिक्षा में संस्कृत और संस्कृति का उदय

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 में संस्कृत के व्यापक प्रसार की अनुशंसा की गई है। इसके अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड एवं महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान ने 53 चयनित एजुकेशन फॉर ऑल (ईएफए) विद्यालय में कक्षा एक के पूर्व एलकेजी एवं यूकेजी के स्थान पर अरूण एवं उदय कक्षाएं प्रारंभ की हैं। इन कक्षाओं का माध्यम संस्कृत किया गया है।

संस्कृत भाषा एक बीज भाषा है, जो सभी भाषाओं की जननी है। जो विद्यार्थी प्रारंभ से संस्कृत बोलते हैं, वह बाद के वर्षों में विश्व की किसी भी भाषा को बोलने की क्षमता रखते हैं। बच्चों के मस्तिष्क के उचित विकास और शारीरिक वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिये उसके आरंभिक 6 वर्षों को महत्वपूर्ण माना गया है।

## जिले में अब तक 23.0मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 23.0मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 3.1मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी. सुवासरा में 15.6मि.मी., गरोठ में 1.0 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ मे 0 मि.मी., धुधंडका में 0 मि.मी., शामगढ में 7.2मि.मी., संजीत में 2.0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ में 9.0मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 13.0मि.मी., सीतामऊ में 4.2मि.मी. सुवासरा में 19.6 मि.मी., गरोठ में 32.4मि.मी., भानपुरा में 84.2मि.मी., मल्हारगढ मे 9.0मि.मी., धुधंडका में 18.0मि.मी., शामगढ में 22.6 मि.मी., संजीत में 5.0 मि.मी., कयामपुर में 20.2मि.मी. एवं भावगढ में 25.0वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1287.36 फीट है।

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान

### जिले में 17 शिविरों में 139 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त

**नीमच 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में सोमवार को चयनित 17 ग्रामों में आयोजित शिविरों में प्रोफाईल पंजीयन हेतु 139 हितग्राहियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए। बैंक खाते खोलने के लिए 136 एवं केवायसी के लिए 5 हितग्राहियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनका निराकरण किया जा रहा है।

चिन्हित जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा दुरस्थ बस्तियों आदि 17 ग्रामों में 17 जून 2025 को तृतीय दिवस में शिविरों में हितग्राहियों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन, तथा राशन कार्ड बनाने से संबधित आवेदन पत्र प्राप्त कर लाभान्वित किया जावेगा।

# समाज के प्रति समर्पित रहा प्रो. हाशमी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

## प्रो. अज़हर हाशमी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई



**रतलाम 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** जीवन वीणा के तारों को हर रोज नई धुन देता पर, मृत्यु महाकाली की लय से कुछ तार चटकते रहते हैं। प्रो. अज़हर हाशमी जी की इन्हीं काव्य पंक्तियों में जीवन का दर्शन और अंतिम सत्य समाहित है और इसी अंतिम सत्य की ओर बढ़ते हुए 10 जून को प्रो. हाशमी जी ने संसार से अंतिम विदाई ली। विद्यार्थी परिवार के अध्यक्ष सतीश त्रिपाठी ने श्रद्धांजलि सभा के प्रारम्भ में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि प्रो. हाशमी का व्यक्तित्व और कृतित्व समाज को समर्पित रहा। यही हमारे जीवन को मार्गदर्शित करता रहेगा। उनकी प्रेरणादायी स्मृतियों को याद करते हुए विद्यार्थी परिवार द्वारा पीएम श्री कला एवं विज्ञान महा विद्यालय,रतलाम में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को किया गया । प्रो. हाशमी की अस्वस्थता में उनकी सेवा करने वाले उनके सेवादार बापू ने भी प्रो हाशमी जी के लिए अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति देते हुए उन्हें भावांजलि दी।

कार्यक्रम में रतलाम भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने रतलाम भाजपा इकाई की ओर से प्रो. हाशमी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। रतलाम को कर्म भूमि बनाकर उन्होंने रतलाम को धन्य किया। उनका व्यक्तिगत मार्गदर्शन और आशीर्वाद मुझे निरंतर प्राप्त होता रहा। कार्यक्रम में प्रो. मनोहर जैन ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि प्रो. हाशमी जी का शिष्यत्व प्राप्त कर स्वयं को भाग्यशाली महसूस करता हूं। उन्होंने न केवल गुरु के रूप में मार्गदर्शन किया, अपितु हमारे हित के लिए सदैव तत्पर रहते हुए पूर्ण सहयोग किया प्रो. हाशमी जी एक उदारमना व्यक्तित्व रहे। समाजसेवी प्रदीप जैन ने प्रो. हाशमी को नमन करते हुए कहा कि उनका इतना विराट व्यक्तित्व था जिसमें सभी धर्म समाहित थे। वे ज्ञान का भंडार थे। उनके साहित्य , काव्य को जन - जन तक पहुंचाना ही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

समाजसेवी सुभाष जैन ने प्रो. हाशमी जी से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वे न केवल वेद, उपनिषद, कुरान पर साधिकार बोलते थे, बल्कि उनका जैन धर्म पर भी गहन अध्ययन था। जैन समाज में वे जैन धर्म पर व्याख्यान के लिए निरंतर बुलाए जाते थे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रदीप सिंह राव ने कहा कि प्रो. हाशमी जी एक निडर और स्पष्टवादी व्यक्ति थे, अपनी बात को साहस के साथ कहना जानते थे। प्रो. आरपी पाटीदार और प्रो.बड़गोत्या ने भी प्रो. हाशमी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रो. हाशमी ज्ञान और साहित्य में उस शिखर पर विराजित हैं, जहां कोई नहीं पहुंच सकता। शिक्षक सांस्कृतिक मंच की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए दिनेश कुमार शर्मा ने भी प्रो. हाशमी जी के व्यक्तित्व के अनुकरणीय पक्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि जो उनके विद्यार्थी नहीं भी रहे, वे भी उनके ज्ञान से लाभान्वित होते रहे हैं और उनसे प्रेरणा लेते रहे हैं। कैप्टेन डॉ. एन के शाह ने प्रो .हाशमी को कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की डॉ. प्रवीणा दवेसर ने प्रो . हाशमी जी को श्लोक और मंत्र उच्चारित कर उनके प्रणम्य व्यक्तित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रो. हाशमी जी ने सभी शिष्यों को संस्कार की संपदा दी है, जिसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

पूर्व प्राचार्य डॉ. अनिला कंवर ने भी श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रो. हाशमी जी एक गुरु आदर्श गुरु रहे। हर कदम पर वे शिष्यों के साथ खडे रहे और उनका आत्म विश्वास बनाए रखा। चिंतक त्रिभुवनेश भारद्वाज ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रो. हाशमी जी की लोकप्रियता का कारण उनकी पारदर्शिता है। उन्होंने वही जीया जो लिखा। वे 28 वें नक्षत्र है। कार्यक्रम में साहित्यकार आशीष दशोत्तर, इंदु सिन्हा, पाठक मंच की संयोजिका रश्मि पंडित, पत्रकार हेमंत भट्ट, श्याम सुंदर भाटी, राष्ट्रीय राजपूत संगठन के नरेंद्र सिंह पंवार, लेखिका वैदेही कोठारी, समाजसेवी नवनीत मेहता, डॉ. हितेश पाठक , अदिति दवेसर, ओम त्रिवेदी , कमलेश पाटीदार, सतीश जोशी , प्रकाश हेमावत, हरिप्रसाद मेहता, सिंघम टाइम्स के गोविंद उपाध्याय, नंदिनी सक्सेना, वृत्तिका त्रिपाठी, प्रारब्ध त्रिपाठी , सुरेखा नागर, शलभ नागर, पायल नागर, आशा शर्मा, अंजना सक्सेना, राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनों ने अपने भाव सुमन एवं पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का प्रारम्भ महर्षि संजय दवे ने शांति पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता नागर ने किया। आभार तुषार कोठारी ने माना।

# पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस मंदसौर के विद्यार्थियो ने औद्योगिक एवं ऐतिहासिक स्थल भ्रमण किया

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल एवं युवा संसाधन प्रकोष्ठ की गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों एक दिवसीय औद्योगिक एवं ऐतिहासिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण हेतु महाविद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने औद्योगिक भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया एवं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। भ्रमण की शुरुआत में छात्रों ने प्राचीन धर्मराजेश्वर मंदिर एवं बौद्ध गुफाओं के दर्शन से की जहाँ एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्थल के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं कलात्मक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पांचवीं व छठवीं शताब्दी में निर्मित प्राचीन मंदिर हैं, यह मंदिर महाराष्ट्र के एलोरा में चट्टानों को काटकर बनाये गए विरासत स्थलों से समानता रखता है। इसके पश्चात गरोठ औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहां छात्रों को पैलेट मशीन के माध्यम से पराली को भट्टियों में जलाकर बायोफ्यूल उत्पादित करने की प्रक्रिया दिखाई गई। तत्पश्चात कटर मशीन द्वारा बेसाल्ट एवं ग्रेनाइट पत्थरों को काटने की तकनीक एवं टाइल्स निर्माण की प्रक्रिया को भी छात्रों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं सीखा।



इसके बाद विद्यार्थियों ने गरोठ स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का अवलोकन किया, जहां उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, एवं जिम आदि की सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा विभिन्न फिटनेस मशीनों की कार्यप्रणाली को समझा।

दोपहर में सभी प्रतिभागी हिंगलाज रिसोर्ट पहुँचे, जहाँ से उन्होंने गांधी सागर जलाशय का अत्यंत अद्भुत एवं विहंगम दृश्य देखा। इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों ने बोटिंग का आनंद लिया तथा गांधी सागर डेम का भ्रमण भी किया, इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता लोधा ने विद्यार्थियों को डैम के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी दी। भ्रमण समाप्ति पर सभी प्रतिभागी सुरक्षित रूप से महाविद्यालय लौटे। इस संपूर्ण भ्रमण के दौरान स्पोर्ट्स ऑफिसर राहुल सूरा एवं शुभदा मैडम भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों का निरंतर मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत, बल्कि औद्योगिक क्षमताओं एवं नवाचारों को भी निकटता से जाना एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया

## एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद चिकित्सा जांच शिविर कल

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** 18 जून, बुधवार को एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच शिविर मधुसूदन आर्य कार्यालय यूटीआई पैन सर्विस सेंटर 46 गौतम नगर रोड नंबर 1 कालाखेत मंदसौर पर आयोजित होगा। इस शिविर में वैद्य ओमप्रकाश देवासी व थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया अपनी सेवाएं देंगे। 18 जून को यह शिविर सुबह 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा।

उक्त जानकारी देते हुए मधुसूदन आर्य ने बताया कि इस शिविर में क्वांटम बॉडी एनालाइजर जापानी मशीन से पूरे शरीर की जांच करके इन सभी बीमारियों का जैसे दमा बीपी शुगर थायराइड माइग्रेन, बालों का झड़ना, चर्म रोग चेहरे पर कील मुंहासे, मासिक धर्म की अनियमितता बांझपन आदि सभी बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

# दामिनी एप्प डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है संभावित बिजली गिरने के स्थानों की जानकारी

**नीमच 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** मानसून के सीजन में आकाशीय बिजली गिरने की सम्भाकवनाएं रहती है। आपदा प्रबंधन (मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भोपाल) द्वारा आकाशीय बिजली से बचाव हेतु कुछ उपाए बताए गए हैं।

क्या करें- आकाशीय बिजली के समय पक्की छत के नीचे चले जाएं। खिड़की के कांच, टिन की छत, गीले सामान्य और लोहे के हैंडलों से दूर रहे, आकाशीय बिजली के समय अगर आप पानी है, तुरंत बाहर आ जाएं। खुली जगह पर हो, तो कान पर हाथ रखकर एड़ियों को आपस में मिलाकर जमीन पर बैठ जाएं। सफर के दौरान वाहन के शीशे चढ़ा कर बैठे रहे। मजबूत छत वाले वाहन में रहे, खुली छत वाले वाहन की सवारी न करें।

क्या न करें- आकाशीय बिजली के समय पेड के नीचे न खड़े हो। आकाशीय बिजली के समय झोपडी एवं कच्चें मकानों में शरण न लें। बिजली उपकरणों, स्विचों, तारों और टेलीफोन का प्रयोग न करें। दीवार के सहारे टेक लगा के खड़े हो। किसी बिजली के खम्बे के पास खड़े न हो। स्नान करना तुरंत रोक दें। याद रखें आंधी, बिजली की स्थित में बाहर खुले में कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं होता हैं। टेलीफोन व पानी की लाईन में विद्युत प्रवाह हो सकता हैं। दामिनी एप्प अपने मोबाईल में डाउनलोड कर अपने आसपास के क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने के सम्भा वित स्थाान की जानकारी हांसिल कर सकते है।

## श्रीमति पारीख को श्रद्धांजली अर्पित

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमति भारती पारिख के गत दिवस हुए निधन पर पारिख समाज, मंदसौर



विधायक विपिन जैन, लायंस क्लब मन्दसौर सर्व शिक्षक संघ मंदसौर, लायंस गोल्ड मन्दसौर, पारख युवा समिति मन्दसौर शोक संवेदना व्यक्त की। श्रीमति भारती पारिख धर्म परायण एवं सामाजिक महिला थी। इनके निधन से पारिख समाज में शोक की लहर है। श्रीमति पारिख, पारिख सायकल जनकपूरा के संचालक स्व श्री मोहनलालजी पारिख की धर्मपत्नि एवं मनीष पारिख प्रधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक विद्यालय डिगावमाली की माताजी थी। श्रीमति पारिख के निधन से मनीष पारिख को मातृशोक है। यह जानकारी हर्ष पारिख ने दी।

# भाजपा सरकार की योजना से कोई भी वंचित नही

## भाजपा के 9 मंडलों में हुई विकसित भारत संकल्प सभा

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक एंव अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशालाओं, प्रोफेशन मीट के बाद अब मंडल स्तर पर इन कार्यशालाओं के माध्यम से मोदी सरकार के सेवा, समर्पण और सुशासन को समर्पित 11 वर्षीय जनकल्याण के कार्यो को बूथ और पंचायत स्तर तक ले जाने हेतु विगत दिवस 12 मंडलो की कार्यशालाएं सम्पन्न हुई थी। शेष 9 मंडलो की कार्यशाला आज सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एंव पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर किया गया।

इसी के अंतर्गत जिला भाजपा मंदसौर के संगठनात्मक 9 मंडल में क्रमश: मंदसौर उत्तर मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, मंदसौर ग्रामीण मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सिसोदिया, बसई मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पुलकित पटवा, मंडल अध्यक्ष जुझार सिंह गुर्जर, गुर्जरबर्डिया मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, जगदीश परमार, मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, धुंधडका मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माछोपुरीया, भाजपा नेता भोपालसिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड, मल्हारगढ मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा, राजू गौड़, मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, पिपल्यामण्डी मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा नेता नरेश चंदवानी, तेजपालसिंह शक्तावत मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, शामगढ मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा नेता हिम्मत डांगी, ओमप्रकाश परमार मंडल अध्यक्ष नीलकमल मेहता, भैसोदा मंडल में वक्ता के रूप मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सेठिया, अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष उमेश पाटीदार, आदि ने अपने-अपने मंडलो में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 वर्षीय कार्यकाल एंव 2047 में विकसित भारत बनाने का संकल्प मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं को दिलाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं का आव्हान कर बताया की जब से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, भारत की नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है। अब भारत केवल सुनता नहीं है, जवाब देता है- सीधा, कठोर और निर्णायक। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक, और अब हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर इन सभी कार्रवाइयों ने भारत की सैन्य ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दुनिया के सामने रखा है। भाजपा की सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि आतंक के खिलाफ सिर्फ बातें नहीं, ठोस कदम भी उठाए जाते हैं। अब भारत डरता नहीं है, अब भारत डटकर जवाब देता है। आइए हम सभी नए उत्साह और अटूट जन भागीदारी के साथ इस यात्रा को जारी रखने, इस आधार को मजबूत करने, और अमृत कलश के वादे को हर भारतीय के लिए साकार करने का संकल्प लें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## मुख्यमंत्री ने जिले के 83 श्रमिक परिवारों को संबल योजना अंतर्गत 1 करोड़ 86 लाख का हितलाभ प्रदान किया

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला श्रम अधिकारी श्री प्रकाश दौड़वे द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्राम बेलखेड़ा, बरगी जिला जबलपुर से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अंतर्गत 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को राशि रु 150 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया है। मंदसौर जिले के कुल 83 श्रमिक परिवारों को राशि रु 1.86 करोड़ का वितरण किया गया है। जिला स्तर पर कार्यक्रम एनआईसी कक्ष में किया गया। कक्ष से सभी ने मुख्यमंत्री के लाइव उद्बोधन को देखा और सुना। इस दौरान श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

# आरक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाले युवती व उसके पति पर हनीट्रेप का केस दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पिपलियामंडी 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** आरक्षक पर दुष्कर्म पर आरोप लगाने वाले युवती व उसके पति के खिलाफ पुलिस ने हनीट्रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार गांव लूनाहेड़ा निवासी युवती ने नीमच जिले में पदस्थ पुलिस आरक्षक लूनाहेड़ा निवासी गोपाल पिता मुलचंद मालवीय के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व उसके दोस्तों से भी दुष्कर्म करवाने का आरोप लगाते पिपलियामंडी पुलिस चौकी व मंदसौर-नीमच एसपी को शिकायत दर्ज कराई थी। जबकि पुलिस ने जांच में पाया कि युवती रंजू तिवारी व उसका पति हरीश पिता दुर्गाशंकर तिवारी आरक्षक को ब्लेकमेल कर रहे थे। पिपलियामंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया रंजू व उसका पति हरीश तिवारी आरक्षक को झूठे केस में फसाने की धमकी देकर षडयंत्रपूर्वक अवैध रूप से 01 लाख रुपये नगद एवं 70 हजार रूपये फोन पे डलवा चुके थे और रुपयों की मांग कर रहे थे। आरक्षक ने रिपोर्ट में बताया रंजु का पति हरीश आये दिन शराब पीकर रंजु को मारता था, 16 जनवरी 2024 को इसी संबंध में रंजु ने उसके पति हरीश को समझाने के लिये मुझे अपने घर बुलाया। मैं रंजु के घर चला गया। कुछ समय तक रंजु इधर-उधर की बातें करने लगी। इतने में उसका पति हरीश आ गया और चिल्लाने लगा कि तू मेरी गैर मौजूदगी में मेरी पत्नी के साथ क्या कर रहा है। फिर हरिश ने मुझसे बोला कि तुझे बलात्कार के झूठे केस में फसाकर तेरी जिन्दगी बर्बाद कर देंगे, तू पुलिस में है तुझे बदनाम कर देंगे और तेरी शिकायत आईजी, एसपी से करेंगे। शिकायत नही करने के एवज में रन्जू और हरीश तिवारी ने 10 लाख रुपये की मांग की। मेरे इतने रुपए होने से इंकार कर दिया तो दोनों ने 4 लाख रुपये देने को कहा। मैंने दोनों को बुलाकर 12 अप्रेल 2025 को 01 लाख रुपये नगद दिये, वहीं 70 हजार रूपये थोडे-थोडे करके फोन पे डाले। इसके बाद दोनों ने दबाव बनाया कि बाकी दो लाख रुपए और दे देना न ही तो फिर रिपोर्ट करा देंगे। मैंने रुपए नही दिए तो दोनों ने फिर रिपोर्ट करा दी। चौकी प्रभारी यादव ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि युवती ने फरियादी को ब्लेकमेल कर रुपए ऐंठने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। ब्लेकमेलिंग के मामले में पुलिस ने युवती व उसके पति के खिलाफ 308(2) 308 (6) 61 (2) 3 (5) में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक द्वारा बताया गया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोविन्द सिंह चौहान एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.श्यामलाल सूर्यवंशी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह मलेरिया प्रचार प्रसार रथ मंदसौर शहर एवं जिले के समस्त विकासखंडों के हाईरिस्क ग्रामों में मलेरिया से बचाव/आमजन में जनजागृति हेतु माईकिंग, पोस्टर, पेम्पलेट वितरण बुखार रोगी मिलने पर ब्लड स्लाइड बनाई जाना आदि किया जाकर भ्रमण करेगा।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.दीपा पाठक द्वारा बताया गया कि वर्षा काल के मौसम में, जल जमा होने के कारण मच्छर पैदा होते हैं, इनके काटने से मलेरिया एवं डेंगू जैसे रोग होने की संभावना है। इसलिए सभी को इससे बचाव के लिए शाम को घर में नीम का धुआं करें, मच्छरदानी का उपयोग करें, नालियों में जला हुआ तेल डालें, कूलर, पानी की टंकी तथा टायरों में जमा पानी को सप्ताह में एक बार खाली करें। जिससे कि मच्छर के लार्वा पैदा नहीं होंगे। यदि लार्वा नहीं होंगे तो मच्छर नहीं बन पाएंगे और इन रोगों से बचा जा सकेगा। इस अवसर पर मलेरिया विभाग एवं एन्टी लार्वा स्कीम और जिला चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संभाग केसरी एवं वेट चेम्पीयन कुश्ती महादंगल संपन्न

## विजेता को 21 हजार नगद, पीतल का गोटा प्रदान कर किया सम्मानित

**मनासा 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदिरो की नगरी मनासा में पहली बार इण्डियन स्टॉईल कुश्ती संघ जिला नीमच एवं श्री पंचमुखी बजरंग व्यायाम शाला मनासा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कृषि उपज मंडी परिसर में टीन शेड के नीचे मिट्टी के मैंदान में संभाग केसरी, वेट चेम्पीयन कुश्ती महादंगल इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी जावद, अध्यक्ष लाला भाई चौहान मनासा, सचिव उस्ताद घीसालाल भेरावत जावद, कोषाध्यक्ष इमरान खान राजा भैया, अखाडा उस्ताद गुड्डुवाला मनासा सहित जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में दुधिया रोशनी में देर रात एतिहासिक तौर पर सम्पन्न हुआ। मुख्यअतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रद्युम्न मारू, नगर परिषद अध्यक्षा प्रतिनिधि अजय तिवारी, सुरेश मालपानी, इंदरमल पामेचा, श्याम सोनी, गोपाल सोडानी, नरेंद्र चंद्रावत, मनोहर चौधरी सहित मुख्यअतिथियो एवं उस्ताद मुबारिक पहलवान, प्रहलाद शर्मा, सिद्धु पहलवान, विनय बुंदेला सहित उस्तादो एवं पहलवानो का साफा



बांधकर, दुपट्टा ओढाकर स्वागत सम्मान किया। इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी जावद, अध्यक्ष लाला भाई चौहान मनासा, सचिव उस्ताद घीसालाल भेरावत जावद ने बताया कि इस तीन दिवसीय महादंगल में 40 से लेकर 65 किलो एवं उससे भी अधिक वेट के 200 से अधिक पहलवानो ने भाग लिया। पहलवानो ने धौबी पछाड दांव, धाग दांव, कलाजान दांव, सालतो दांव, उखेड दांव सहित विभिन्न प्रकार के दाव पैच दिखाया। कुश्ती का मुकाबला देखने के लिए दूर-दराज के खेल प्रेमियों का जनसैलाब उमडा। वेट 40-45 में विजेता सत्येंद्र नीमच, उपविजेता, कुलदीप वाल्मिकि मनासा, तृतीय प्रतिक ग्वाला, 50-55 में वरधान राठौर विजेता, अजय ग्वाला मंदसौर उपविजेता, तृतीय प्रमोद गुजराती, 55-60 ऋषभ चौहान विजेता, व्रेदप्रकाश उज्जैन उपविजेता, तृतीय पिंटू कहार, 60-65 में सावेज शाह विजेता, अमन राईन उपविजेता, तृतीय राजवीर परमार हुए। संभाग केसरी फाईनल मुकाबले में तरूण आचार्य एवं अभिषेक परोना के मध्य खेला गया। रोमांचक कुश्ती महादंगल में तरूण आचार्य विजेता घोषित हुए। विजेता को विधायक प्रतिनिधि प्रद्युम्न मारू सहित अतिथियों ने 21 हजार नगद पीतल का गोटा एवं स्मृति चिन्ह एवं उपविजेता अभिषेक परोना को 11 हजार नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह वही साहिल खॉन को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कोच एवं रेपरी की भुमिका विजय भाटिया, मनिष मुहाले, लोकपाल गोहर, रेहान खॉन ने किया। कुश्ती महादंगल की कामेंट्री बाबु बजरंगी एवं मंच का संचालन हरगोविंद दीवान नीमच ने किया। आभार कुश्ती संरक्षक नारायण सोमानी जावद ने माना।

# नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर एवं सभापति श्री जैन ने निरीक्षण किया

**मंदसौर 16 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सभापति श्री निलेश जैन ने कल मंदसौर नगर की जल व्यवस्था को निरंतर बनाएं रखने एवं संभावित जल संकट से किसी भी रूप से निपटने के लिए निरीक्षण किया नगर पालिका के जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया नपाध्यक्ष व सभापति ने मोरवनी दोह से पानी लाने की व्यवस्था को देखा तथा आजाद जलाशय स्थल पर पहुंच कर यहां से पानी कलाभाटा बांध में भेजने हेतु क्या-क्या व्यवस्था जूटानी है उसका भी निरीक्षण किया ,नपाध्यक्ष एवं सभापति को नगर पालिका के अमले ने अवगत कराया कि नगर पालिका के रामघाट व आजाद जलाशय में 10 जुलाई तक



पेयजल वितरण करने योग्य पानी संग्रहित है, 10 जुलाई तक यदि वर्षा नहीं होती है या शिवना नदी में जल का प्रवाह प्रारंभ नहीं होता है तो जल व्यवस्था के अतिरिक्त प्रबंध करने पड़ेंगे नपाध्यक्ष श्रीमति गुर्जर ने नगर पालिका के अमले को निर्देश दिया कि नगर पालिका के जल कार्य अमले के द्वारा जिस तत्परता से कार्य किया जा रहा है उसी तत्परता से आगामी समय में भी कार्य जारी रखा जाए तथा शिवना नदी के ऊपरी सेत से पानी को संग्रहित कर उसे रामघाट बैराज तक भेजें ताकि जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू जारी रखी जा सके। निरीक्षण के अवसर पर जल कार्य समिति सदस्य गोवर्धन कुमावत कमलेश सिसोदिया भी उपस्थित थें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in